40 हजार फैंस के सामने भारत न्यूजीलैंड का चौथा टी-20 आज

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चौथा टी20 मैच 30 आज खेला जाएगा। यह मैच ऑकलैंड के ईडेन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच भारतीय



समयानुसार 12.30 बजे शुरू होगा। मुकाबले का टॉस 12 बजे होगा।

वैसे इंडिया टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। उसके पास इस समय 3-0 की अजेय बढ़त है। उसकी नजर अब न्यूजीलैंड को क्लीन स्वीप करने पर होगी। दोनों टीमों के बीच चौथे मुकाबले में 40,000 फैंस के आने की संभावना है। इस दौरान श्रेयय अय्यर और मिचेल सैंटनर की सेना फैंस का मनोरंजन करने का भरपूर प्रयास करेंगी।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच अब तक सभी मुकाबले हाई-स्कोरिंग हुए हैं। टीम इंडिया ने पहले मुकाबले में 230 रन चेज किए थे। वहीं दूसरे मैच में एक बेहद ही रोमांचक मुकाबले में भारत ने 181 रनों के लक्ष्य को हासिल किया था, जबकि तीसरे मुकाबले में अभिषेक शर्मा के तूफानी शतक की बदौलत भारत ने 14वें ओवर में ही 199 रनों के लक्ष्य को भेंद दिया था।

ऐसे में चौथे मैच में भी हाई-स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद जताई जा सकती है। भारत अगला मैच जीतकर क्लीन स्वीप की तरफ एक और कदम बढ़ाना चाहेगा, वहीं न्यूजीलैंड जीत हासिल कर अपना खाता खोलने को देखेगा।

पंकज आडवाणी को जोकोविच से मिलती है प्रेरणा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत के दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपने करियर का 29वां विश्व खिताब जीत लिया है। 41 साल के आडवाणी का कहना है कि टेनिस के दिग्गज नोवाक जोकोविच उन्हें लगातार बेहतर करने और अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। जोकोविच करीब दो दशक के करियर के बाद भी शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। आडवाणी के मुताबिक, उनकी निरंतरता और लंबे समय तक खुद को शीर्ष स्तर पर बनाए रखने की क्षमता से काफी कुछ सीखा जा सकता है।

आडवाणी ने बर्मिंघम में डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीतकर यह उपलब्धि हासिल की। पीटीआई को दिए एक ऑनलाइन साक्षात्कार में उन्होंने खिताबी जीत, अपनी तैयारी और बिलियर्ड्स व स्नूकर की अलग-अलग चुनौतियों पर बात की। वह इन दिनों इंग्लैंड के शेफील्ड में हैं, जहां इंदौर में होने वाली आगामी विश्व स्नूकर चैंपियनशिप की तैयारी कर रहे हैं।

आडवाणी ने कहा कि यह जीत उनके लिए बेहद खास है, क्योंकि उन्हें विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों के बीच कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता में कई पूर्व विश्व चैंपियन



और शानदार फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी शामिल थे। खिताब तक पहुंचने के दौरान उन्होंने अपने हमवतन सौरव कोठारी के अलावा डेविड कॉजियर और रॉबर्ट हॉल जैसे खिलाड़ियों को हराया।

उन्होंने कहा कि जो लोग मेरे सफर पर करीब से नजर नहीं रख रहे थे, उनके लिए यह जीत बहुत खास है। यह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ मिली है। इस प्रतियोगिता में कई पूर्व विश्व चैंपियन और शानदार फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी थे। मुकाबला बेहद कठिन था।

आडवाणी ने माना कि वह हमेशा निरंतर प्रदर्शन करने की कोशिश करते रहे हैं, भले ही हर बार नतीजे उनकी मेहनत के अनुरूप नहीं रहे हों। उन्होंने कहा कि मेरा काम करने का तरीका हमेशा एक जैसा रहा है। इस बार मैंने सामान्य से थोड़ा ज्यादा मेहनत की, क्योंकि मैं शीर्ष पर पहुंचने के लिए बेहद दृढ़ और प्रेरित था।आडवाणी ने कहा कि रोजर फेडरर के संन्यास के बाद जोकोविच उनके लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत हैं। 24 ग्रैंडस्लैम खिताब जीत चुके जोकोविच 39 साल की उम्र में भी अपने से काफी कम उम्र के खिलाड़ियों को चुनौती दे रहे हैं। आडवाणी ने कहा कि जोकोविच निरंतरता की मिसाल हैं। उनका करियर करीब दो दशक से चल रहा है और वह आज भी बड़े टूर्नामेंटों के निर्णायक दौर में पहुंचते हैं।

मनीषा भानवाला फाइनल में

तनु शर्मा ने जीता कांस्य, भारत की झोली में आए दो रजत

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों का शानदार प्रदर्शन जारी है। मनीषा भानवाला ने 59 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए रजत पदक पक्का कर लिया है। वहीं, तनु शर्मा ने 72 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले बुधवार को काजल धोचक और नीलम सिरोही ने भी फाइनल में पहुंचकर रजत पदक जीते थे।

कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में मनीषा भानवाला ने मंगोलिया की बोलोरतुया खुरेलखु को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। इस जीत के साथ उन्होंने कम से कम रजत पदक सुनिश्चित कर लिया है। अब शुक्रवार को स्वर्ण पदक के लिए उनका सामना अमेरिका की एबिगेल एलिजाबेथ नेटे से होगा। मनीषा ने टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की थी। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा की लॉरेंस ब्यूरगार्ड को 6-2 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसके बाद भी उन्होंने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखा और फाइनल तक का सफर तय किया। 72 किलोग्राम भार वर्ग में तनु शर्मा ने तीसरे स्थान के मुकाबले में अमेरिका की प्रीशियस रोसन्ना बेल को



9-5 से हराकर कांस्य पदक जीता। तनु ने कड़े मुकाबले में जीत दर्ज कर भारतीय दल के पदकों की संख्या में इजाफा किया।

55 किलोग्राम भार वर्ग में अहिल्या शिंदे का अभियान क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। उन्होंने राउंड ऑफ 16 में क्यूबा की यानेलिस सानज वर्डेसिया को 8-1 से हराकर शानदार शुरुआत की थी। हालांकि, क्वार्टर फाइनल में उन्हें तुर्किये की तुबा डेमिर के खिलाफ 6-9 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती के 97 किलोग्राम भार वर्ग में विक्की हुडा की पदक की उम्मीदें अभी बरकरार हैं। उन्हें क्वार्टर फाइनल में जापान के अराश योशिदा के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 2-12 से हार झेलनी पड़ी। हालांकि, योशिदा के फाइनल में पहुंचने के कारण विक्की को रेपेचेज दौर में खेलने का मौका मिला है। इस दौर में जीत दर्ज कर वह पदक की दौड़ में बने रह सकते हैं। वहीं, 65 किलोग्राम भार वर्ग में सुजीत कलकल का सफर समाप्त हो गया।

इससे पहले बुधवार को भारतीय पहलवान काजल धोचक और नीलम सिरोही ने अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में हार के बाद रजत पदक जीते थे। दोनों महिला पहलवानों ने पहली बार एक ही संस्करण में फाइनल तक पहुंचकर भारतीय कुश्ती में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की।

ईशान किशन ने नेट्स पर की बैटिंग

नयी दिल्ली (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज अपने नाम कर चुकी टीम इंडिया ऑकलैंड पहुंच चुकी है। यहां ईडन पार्क पर चौथा मुकाबला शुक्रवार को खेला जाना है। 5 मैचों की सीरीज के पहले तीनों मैचों को टीम इंडिया ने अपने नाम किया था। मंगलवार को तीसरा टी20 जीतने के बाद बुधवार को टीम इंडिया वेलिंगटन से ऑकलैंड पहुंची। गुरुवार को खिलाड़ी मैदान पर प्रैक्टिस करने के लिए उतरे।

भारतीय टीम के उपकप्तान तिलक वर्मा के साथ ही सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा दमदार फॉर्म में है। अभिषेक ने तीसरे टी20 में शतक लगाया था। वहीं दूसरी तरफ तिलक के बल्ले से दूसरे मैच में मैन विनिंग फिफ्टी निकली थी।

भारतीय टीम को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले शिवम दुबे भी प्लेइंग इलेवन से बाहर चल रहे हैं।

मेसी पर भारी पड़े रोनाल्डो! फैंस ने चुना सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ

लंदन (एजेंसी)। फुटबॉल की दुनिया में क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी के बीच सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की बहस लंबे समय से जारी है। अब फैंस की वोटिंग में रोनाल्डो ने मेसी को पीछे छोड़ते हुए बैलेन डी'ओर ऑफ ऑल टाइम का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस वोटिंग में पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी के 2008 के सीजन को बैलोन डी'ओर के इतिहास में किसी विजेता का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत सीजन चुना गया। वहीं, मेसी का 2012 का ऐतिहासिक सीजन दूसरे स्थान पर रहा। बैलोन डी'ओर संगठन ने 2026 के गोल्डन बॉल पुरस्कार के नतीजे सामने आने के कुछ दिन बाद इस वोटिंग के परिणाम जारी किए।



इंग्लैंड और बायर्न म्यूनिख के स्ट्राइकर हैरी केन ने 2026 का गोल्डन बॉल पुरस्कार जीता था। हालांकि, बी.ओ.ए.टी का फैसला फैंस की वोटिंग के आधार पर हुआ।रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ 2007-08 के सीजन में शानदार प्रदर्शन किया था। उनके दमदार खेल की बदौलत क्लब ने प्रीमियर लीग और यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब जीता। रोनाल्डो ने सभी प्रतियोगिताओं में कुल 42 गोल किए और आठ असिस्ट दिए। इस दौरान उन्होंने कई बड़े व्यक्तिगत पुरस्कार भी अपने नाम किए। वह प्रीमियर लीग के गोल्डन बूट विजेता बने और चैंपियंस लीग में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे।

भारत की लगातार दूसरी जीत

जालंधर (एजेंसी)। एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में भारतीय हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन को 5-2 से हरा दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में टीम इंडिया ने मुकाबले में दमदार खेल दिखाया और लगातार दूसरी जीत दर्ज

चीन को 5-2 से हराया

की। भारत की ओर से सुखजीत सिंह और हरमनप्रीत सिंह ने दो-दो गोल किए, जबकि जुगराज सिंह ने एक गोल दागा। चीन की ओर से यांग पेंग और चेन चोंगकोंग ने गोल किए।

भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। टीम को 12वें मिनट में सफलता मिली, जब सुखजीत सिंह ने शानदार गोल दागकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले क्वार्टर में चीन ने बराबरी करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय टीम ने अपनी बढ़त बरकरार रखी। शुरुआती 15 मिनट का खेल समाप्त होने तक भारत 1-0 से आगे था।

दूसरे क्वार्टर में चीन ने वापसी की कोशिश तेज कर दी। 17वें मिनट में उसे पेनल्टी के जरिए गोल करने का मौका मिला, लेकिन टीम इसका फायदा नहीं



उठा सकी। इसके बाद 22वें मिनट में चीन को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर यांग पेंग ने गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि, भारतीय टीम ने जल्द ही जवाब दिया। 26वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी को गोल में बदलकर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर के अंत तक भारतीय टीम ने अपनी बढ़त बरकरार रखी। तीसरे क्वार्टर में भारत ने अपने आक्रामक खेल को जारी रखा। 30वें मिनट में हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी पर गोल दागकर भारत की बढ़त 3-1 कर दी। इसके बाद 33वें मिनट में सुखजीत सिंह ने अपना दूसरा गोल करते हुए स्कोर 4-1 कर दिया। हालांकि, चीन ने भी जवाबी हमला किया। 35वें मिनट में चेन चोंगकोंग ने पेनल्टी पर गोल दागकर स्कोर 4-2 कर दिया। तीसरे क्वार्टर की समाप्ति तक भारत दो गोल की बढ़त बनाए हुए था। आखिरी क्वार्टर में भी भारतीय टीम ने अपनी लय बरकरार रखी। 46वें मिनट में जुगराज सिंह ने शानदार गोल दागकर भारत की बढ़त 5-2 कर दी। इसके बाद चीन ने स्कोर का अंतर कम करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय टीम ने उसे ज्यादा मौके नहीं दिए।

सिंधू और लक्ष्य सेन की जीत से भारत की शानदार शुरुआत, प्रणय बाहर

नयी दिल्ली (एजेंसी)। जर्मनी में खेले जा रहे बीडब्ल्यूएफ हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने बुधवार को दमदार प्रदर्शन किया। पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने अपने शुरुआती मुकाबले जीतकर दूसरे दौर में जगह बनाई। वहीं, किरण जॉर्ज, उन्नति हुड्डा, ईशरानी बरुआ और अनमोल खरब ने भी जीत के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। हालांकि, एचएस प्रणय समेत कई भारतीय खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में दूसरी वरीयता प्राप्त पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संयुक्त अरब अमीरात की प्रकृति भरत को सीधे गेमों में 21-10, 21-10 से हराया। मुकाबला महज 28 मिनट तक चला। पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहीं सिंधू ने इस टूर्नामेंट में भी अपनी अच्छी फॉर्म बरकरार रखी और शुरुआत से ही मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी। पुरुष एकल में सातवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन को फिनलैंड के जोआकिम ओल्डोर्फ के खिलाफ कड़ी



चुनौती का सामना करना पड़ा। सेन पहला गेम 16-21 से हार गए, लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी की। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा गेम 21-9 और तीसरा गेम 21-13 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस तरह उन्होंने तीन गेम तक चले मुकाबले में जीत दर्ज कर दूसरे दौर में प्रवेश किया। किरण जॉर्ज ने भी पुरुष एकल में जीत हासिल की। उन्होंने मलेशिया के चीम जून वेई को 21-18, 21-17 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। भारत के अनुभवी शटलर एचएस प्रणय का अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया।

बंगाल, मुंबई, सौराष्ट्र, कर्नाटक और विदर्भ की शानदार जीत

नयी दिल्ली (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में गुरुवार को खेले गए मुकाबलों में बंगाल, मुंबई, सौराष्ट्र, कर्नाटक और विदर्भ ने शानदार जीत दर्ज की। बंगाल ने केरल को 287 रन से हराया, जबकि मुंबई ने हरियाणा को 10 विकेट से शिकस्त दी। सौराष्ट्र और कर्नाटक ने पारी के अंतर से जीत हासिल की, वहीं विदर्भ ने गोवा को पारी और 27 रन से मात देकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। दूसरी ओर, चक्रवात अर्नब के कारण हुई बारिश से दिल्ली-झारखंड और ओडिशा-सर्विसेज के मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। बंगाल ने मंगालापुरम में खेले गए एलीट ग्रुप सी के मुकाबले में केरल को 287 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इस जीत के नायक बाएं हाथ के स्पिनर प्रदीप्त प्रमाणिक रहे, जिन्होंने पहली बार प्रथम श्रेणी क्रिकेट में एक मैच में 10 विकेट लेने का कारनामा किया। उन्होंने पहली पारी में 44 रन देकर चार विकेट और दूसरी पारी में 51 रन देकर छह विकेट लिए। इस तरह उन्होंने मैच में कुल 95 रन देकर 10 विकेट चटकाए।

जीत के लिए 408 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी केरल की टीम चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में 38.4 ओवर में 120 रन पर सिमट गई। दिन की शुरुआत में केरल का स्कोर चार विकेट पर 53 रन था। प्रमाणिक ने कप्तान विष्णु विनोद (19) और सलमान निजार (1) को आउट कर बंगाल की स्थिति मजबूत कर दी। इसके बाद अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आदित्य सरवटे और वैशाख चंद्रन को पवेलियन भेजकर केरल का स्कोर आठ विकेट पर 70 रन कर दिया। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 26 और एमडी निधीश ने 33 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन शाहबाज अहमद ने दोनों को आउट कर केरल की पारी समेट दी। शमी ने मैच में कुल पांच विकेट लिए। शाहबाज को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहली पारी में 121 रन बनाने के अलावा दो विकेट लिए थे। दूसरी पारी में भी उन्होंने 20 रन बनाने के साथ दो विकेट हासिल किए। बंगाल ने पहली पारी में 350 और दूसरी पारी में 198 रन बनाए थे, जबकि केरल की पहली पारी 141 रन पर समाप्त हुई थी। इस



जीत से बंगाल ने ग्रुप सी में 18 अंक के साथ शीर्ष स्थान मजबूत किया। एलीट ग्रुप डी में मुंबई ने तनुष कोटियन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत हरियाणा को 10 विकेट से हराकर लगातार तीसरी बोनस अंक वाली जीत दर्ज की। कोटियन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 81 रन देकर आठ विकेट हासिल किए। पहली पारी में 430 रन बनाने वाली मुंबई ने हरियाणा को पहली पारी में 270 रन पर आउट कर दिया था। इसके बाद फॉलोऑन खेलते हुए हरियाणा की टीम दूसरी पारी में 256 रन पर सिमट गई। आठवें विकेट के लिए समंत जाखड़ (40) और अनुज थरकल (नाबाद 40) ने 81 रन जोड़कर मुंबई के गेंदबाजों को काफी देर तक परेशान किया। हालांकि, कोटियन ने जाखड़ को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

मुंबई को जीत के लिए 97 रन का लक्ष्य मिला, जिसे सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी और दिव्यांश सक्सेना ने बिना विकेट गंवाए 10.4 ओवर में हासिल कर लिया। रघुवंशी ने 39 गेंदों पर नाबाद 67 रन बनाए, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल रहे। सक्सेना 25 गेंदों पर 30 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई ने इस जीत से सात अंक हासिल किए।

एलीट ग्रुप बी में सौराष्ट्र ने पार्थ की घातक गेंदबाजी के दम पर असम को पारी और 12 रन से हराकर इस सीजन की पहली जीत दर्ज की। पार्थ ने दूसरी पारी में 17 रन देकर आठ विकेट चटकाए। उनकी शानदार गेंदबाजी के सामने असम की टीम 94 रन पर ढेर हो गई। पहली पारी में असम ने 281 रन बनाए थे, जिसके जवाब में सौराष्ट्र ने 387 रन बनाकर 106 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में असम के बल्लेबाज टिक नहीं सके। पार्थ ने तीसरे दिन ही छह विकेट सात रन पर लेकर असम की कमर तोड़ दी थी। अंतिम दिन सिबसांकर रॉय भी अपने पिछले दिन के 32 रन के स्कोर में इजाफा नहीं कर सके। सौराष्ट्र ने बोनस अंक सहित सात अंक हासिल किए और ग्रुप बी की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। इसी ग्रुप में कर्नाटक ने त्रिपुरा को पारी और 116 रन से हराकर सात अंक हासिल किए। कर्नाटक ने नौ विकेट पर 490 रन बनाकर पहली पारी घोषित की थी। इसके जवाब में त्रिपुरा की पहली पारी 194 रन पर सिमट गई। फॉलोऑन खेलते हुए त्रिपुरा दूसरी पारी में 180 रन ही बना सकी। कर्नाटक की ओर से श्रेयस गोपाल ने 36 रन देकर पांच विकेट लिए, जबकि मानवंत कुमार और विजयकुमार वैशाक ने दो-दो विकेट हासिल किए। त्रिपुरा की ओर से श्रीदम पॉल ने 50 रन बनाए।

बिहार रणजी टीम में बड़ा बदलाव

23 के 3 खिलाड़ी सीनियर टीम में शामिल, मंगल को मिली टीम की कमान

पटना। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने रणजी ट्रॉफी के आगामी मुकाबले के लिए सीनियर पुरुष टीम में बड़ा बदलाव किया है। गोवा के खिलाफ 2 से 5 नवंबर 2026 तक पणजी में खेले जाने वाले मुकाबले के लिए मंगल महरौर को बिहार टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि साकिबुल गनी को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन के शुरुआती तीन मुकाबलों में साकिबुल गनी बिहार टीम की कप्तानी कर रहे थे जिनमें हार का सामना करना पड़ा। अब टीम प्रबंधन ने नेतृत्व में बदलाव करते हुए मंगल महरौर को टीम की कमान सौंपी है। इस फैसले के साथ बिहार की टीम नए नेतृत्व में गोवा के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। अंडर-23 टीम के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सीनियर रणजी टीम में शामिल किया है। इनमें बल्लेबाज पृथ्वीराज, स्पिन गेंदबाज सुमन कुमार और तेज गेंदबाज वासुदेव प्रसाद शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को सीनियर स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर मिलेगा। तेज गेंदबाज वासुदेव प्रसाद का चयन विशेष रूप से चर्चा में है। वह हाल ही में एमआरएफ पेस फाउंडेशन के माध्यम से चयनित होकर ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद लौटे हैं। उनके इस अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण अनुभव से बिहार की तेज गेंदबाजी को मजबूती मिलने की उम्मीद है। वासुदेव ने ओडिशा के खिलाफ मुकाबले में अपनी गेंदबाजी से प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में छह (6) और हासिल किए थे। उनके इस प्रदर्शन ने सीनियर टीम में चयन के लिए उनकी दावेदारी को और मजबूत किया। बिहार टीम में कप्तानी परिवर्तन और अंडर-23 के तीन खिलाड़ियों को पदोन्नत कर सीनियर टीम में शामिल करना राज्य क्रिकेट में नए खिलाड़ियों को अवसर देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। एक ओर मंगल महरौर को नेतृत्व की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं दूसरी ओर साकिबुल गनी को उपकप्तान बनाकर उनके अनुभव का लाभ लेने की रणनीति अपनाई गई है।

मुंबई इंडियंस ने मलिंगा से तोड़ा रिश्ता

नयी दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2027 से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ही मुंबई इंडियंस के सपोर्ट स्टाफ में भी बदलाव का दौड़ जारी है। मुंबई ने हाल में ही महेला जयवर्धने की जगह कीरोन पोलार्ड को अपना हेड कोच बनाया है। अब टीम के सपोर्ट स्टाफ से तीन नामों को छुट्टी हो गई है। इसमें दिग्गज लसिथ मलिंगा का नाम भी शामिल है। वह टीम के गेंदबाजी कोच थे। लसिथ मलिंगा के अलावा गेंदबाज कोच पारस म्हाम्ब्रे और फील्डिंग कोच कार्ल हॉपकिन्सन के साथ भी फ्रेंचाइजी ने रिश्ते खत्म कर लिए हैं। 2024 टी20 विश्व कप में म्हाम्ब्रे भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच था। वहां कार्यकाल खत्म होने के बाद वह मुंबई इंडियंस से जुड़े थे। उससे पहले 2010 से 2017 के बीच भी वह फ्रेंचाइजी का हिस्सा रह चुके हैं। कार्ल हॉपकिन्सन 2025 सीजन से पहले मुंबई इंडियंस से जुड़े थे।

लसिथ मलिंगा मुंबई इंडियंस के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में शामिल हैं। 2009 से 2019 के बीच मलिंगा ने मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में 122 मैचों में 170 विकेट लिए थे। वह 2011 में चैंपियंस लीग जीतने वाली मुंबई इंडियंस की टीम का भी हिस्सा थे।

बिहार महिला टीम की शानदार जीत

मिजोरम को 15 रन से हराया

पटना। सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी प्लेट के मुकाबले में बिहार महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिजोरम महिला टीम को 15 रन से पराजित कर जीत दर्ज की। नागालैंड क्रिकेट स्टेडियम, सोविमा में खेले गए इस मुकाबले में बिहार की टीम ने जीत के लिए प्रभावी प्रदर्शन कर मैच अपने नाम कर लिया। मैच में बिहार महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाए। बल्लेबाजी में हर्षिता भारद्वाज 26 रन, श्रुति गुप्ता 22 रन और अपूरवा ने 15 रन बनाया। मिजोरम की गेन्दबाजी में जद्दी, मामी और ठंगा ने 2-2 विकेट चटकाया। इसके जवाब में मिजोरम महिला टीम लक्ष्य हासिल करने में सफल नहीं हो सकी और 19.3 ओवर



में 91 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह बिहार ने मुकाबला 15 रन से अपने नाम किया। बिहार की गेन्दबाजी में अपूर्वा ने 4 ओवर में 1 मेडन रखते हुए 12 रन देकर 3 विकेट चटकाया। आर्या सेठ को 2 विकेट एवं रचना, प्रीति और वैदही को 1-1 विकेट मिला।

पटना, तिरहुत, मुंगेर, सारण प्रमंडल के खिलाड़ियों का दबदबा

पटना। खेल विभाग, बिहार तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना द्वारा वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026-27 के तहत पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय (अंतर प्रमंडल) विद्यालय बालिका अंडर-14 एवं अंडर-19 ताइक्वांडो प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए मुकाबले में बालिका अंडर- 14 आयु वर्ग के 29 - 32 किलोग्राम भार वर्ग में रिमझिम कुमारी मुंगेर प्रमंडल प्रथम, कृष्णा कुमारी पटना प्रमंडल द्वितीय तथा सृष्टि दुबे तिरहुत प्रमंडल और जोया अली सारण प्रमंडल तृतीय स्थान पर रही। 32 - 35 किलोग्राम भार वर्ग में मगध प्रमंडल की अनुष्का कुमारी प्रथम ,पटना प्रमंडल की मनसा कुमारी द्वितीय तथा पूर्णिया प्रमंडल की तन्वी कश्यप तथा सारण प्रमंडल की प्राची तृतीय स्थान पर रही ।

35 - 38 किलोग्राम भार वर्ग में मुंगेर प्रमंडल की सुरुचि कुमारी प्रथम, सारण प्रमंडल की श्रेया कुमारी द्वितीय तथा तिरहुत प्रमंडल की आराध्य गुप्ता एवं खेलो इंडिया स्माल सेंटर की अदिति तृतीय स्थान पर रही ।



38 किलोग्राम के ऊपर के भार वर्ग में मुंगेर प्रमंडल की स्तुति प्रथम, तिरहुत प्रमंडल की वर्तिका द्वितीय तथा पटना प्रमंडल के प्रेरणा राज एवं खेलो इंडिया स्माल सेंटर के निष्ठा चावरा तृतीय स्थान पर रही। वहीं बालिका अंडर-19 आयु वर्ग के मुकाबले में -40 किलोग्राम भार वर्ग में मुंगेर प्रमंडल की कोमल कुमारी प्रथम सारण प्रमंडल की रूबी कुमारी द्वितीय तथा मगध प्रमंडल की रूपम पांडे तथा तिरहुत प्रमंडल की तान्या तृतीय स्थान पर रही। 46- 49 किलोग्राम भार वर्ग में मुंगेर प्रमंडल के राजनंदनी प्रथम, सारण की कुसुम कुमारी द्वितीय तथा तिरहुत की पृथला पंकज तथा पटना की आकांक्षा तृतीय स्थान पर रही। 55- 59 किलोग्राम भार वर्ग में खेलो इंडिया स्माल सेंटर की साक्षी कुमारी प्रथम, तिरहुत प्रमंडल की राजश्री द्वितीय तथा सारण की अंजलि तथा पटना प्रमंडल की कनक कुमारी तृतीय स्थान पर रही। 68 किलोग्राम से ऊपर के भार वर्ग में पटना प्रमंडल की शारदा कुमारी प्रथम, मुंगेर प्रमंडल की कृषिका राज द्वितीय तथा सारण प्रमंडल की अंशु कुमारी तृतीय स्थान पर रही। गुरुवार को सम्पन्न विभिन्न आयु एवं भार वर्गों के मुकाबलों के विजेताओं को बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक रविंद्र नाथ चौधरी, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के क्रीड़ा कार्यपालक आनंदी कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी, पटना जयनारायण कुमार ने मेडल देकर पुरुस्कृत किया। इस अवसर पर जिला खेल कार्यालय , पटना में कार्यरत दीपक कुमार, कल्याणी कुमारी, रागिनी कुमारी ,तकनीकी पदाधिकारी के रूप में अरुण कुमार, ओम प्रकाश, राजा ,धर्मेंद्र कुमार ,धर्मयुग कुमार, अंकित कुमार, अभय कुमार, श्याम कुमार, अमरेंद्र तांती ,ईशा सिन्हा, सदन परवीन ने निर्णायक का कार्य उत्कृष्ट ढंग से किया।

ग्यारहवीं बिहार स्टेट सब-जूनियर सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता का आगाज

हाजीपुर में दो दिवसीय डे-नाइट प्रतियोगिता का पीएचईडी मंत्री संजय सिंह ने किया उद्घाटन

पटना। वैशाली जिले के हाजीपुर स्थित कुशवाहा आश्रम में ग्यारहवीं बिहार स्टेट सब-जूनियर सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री माननीय संजय सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सॉफ्ट टेनिस बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार, उपाध्यक्ष आलोक आजाद, वैशाली जिला सचिव रवि रंजन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के 16 जिलों से लगभग 200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।



उद्घाटन के अवसर पर मंत्री संजय सिंह ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सॉफ्ट टेनिस बिहार के महासचिव धर्मवीर कुमार ने बताया कि कुशवाहा आश्रम में दो दिनों तक डे-नाइट मैचों का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान एकल, युगल, टीम इवेंट और मिक्स्ड डबल्स मुकाबले खेले जाएंगे। विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी इन स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।